चौ0 चरण विश्वविद्यालय, मेरठ।
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : शोध/2016
दिनांक : 27.12.2022

<u>विज्ञप्ति</u>

इस कार्यालय पत्रांक शोध/1491 दिनांक 20.09.2022 द्वारा ऐसे अभ्यर्थी जो चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में पीएच–डी0 प्रवेश हेतु इच्छुक है, के ऑनलाइन आवेदन फार्म आमंत्रित किये गये थे। चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय पीएच–डी0 शोध अध्यादेश, 2022 के प्राविधानों के अंतर्गत प्रवेश परीक्षा से अवमुक्त अभ्यर्थियों को छोड़कर अन्य अभ्यर्थियों की प्रवेश परीक्षा मेरठ व गाजियाबाद जनपद के विभिन्न केन्द्रों पर ऑनलाइन माध्यम से दिनांक 03 एवं 04 दिसम्बर, 2022 को आयोजित कराई गई थी।

प्रवेश परीक्षा के सम्पन्न होने के तुरन्त पश्चात प्रत्येक अभ्यर्थी को उनके प्राप्तांक से अवगत करा दिया गया था। अग्रतर, विश्वविद्यालय पत्रांक शोध/1883 दिनांक 06.12.2022 द्वारा विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा अर्जित अंक एवं प्रत्येक प्रश्नपत्र उत्तर समेत अपलोड किया गया था। ऐसे अभ्यर्थी जो प्रश्नपत्र के उत्तर से संतुष्ट नहीं थे, को आपत्ति का अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 09.12.2022 तक ई–मेल द्वारा समुचित साक्ष्य के साथ अपनी आपत्ति दर्ज कराने की अपेक्षा की गई थी। निर्धारित अवधि तक विश्वविद्यालय को लगभग 75 ई–मेल प्राप्त हुए जिनको विद्वानों/अनुभवी शिक्षकों के समक्ष रखकर पुनः उत्तर कुंजी निर्धारित की गई है।

एतद् द्वारा पीएच–डी0 प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित समस्त अभ्यर्थियों की पुनरीक्षित (Revised) प्राप्तांक सूची एवं प्रत्येक प्रश्नपत्र की Revised Answer Key (पुनरीक्षित उत्तर कुंजी) इस आशय के साथ विश्वविद्यालय वेबसाइट ccsuniversity.ac.in पर उपलब्ध कराई जा रही है कि अभ्यर्थी अपने प्राप्तांकों से अवगत होना सुनिश्चित करे।

पीएच–डी0 में प्रवेश हेतु अग्रिम प्रक्रिया के सम्बन्ध में शीघ्र ही विश्वविद्यालय वेबसाइट ccsuniversity.ac.in पर विज्ञप्ति प्रकाशित की जायेगी।

26.12.2022
कुलसचिव

D : Dhan_2(26)